CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 36 ◻ रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

वित्तीय स्वीकृति पर विधानसभा में हंगामा कांग्रेस विधायकों ने किया वॉकआउट

रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया। कांग्रेस विधायक संगीता सिंह ने बजट में शामिल कार्यों को स्वीकृति न मिलने का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा। बहस इतनी बढ़ी कि अंततः विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने वित्त मंत्री के जवाबों से असंतुष्ट होकर सदन से वॉकआउट कर दिया।

कोई फाइल लंबित नहीं : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सदन में स्पष्ट किया कि वर्तमान में वित्त विभाग के पास कोई भी कार्य लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रक्रिया को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं-

भूपेश बघेल का कटाक्ष और तीखी नोकझोंक

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद जिले के कार्यों का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि क्या पीडब्ल्यूडी से फाइल मंगाकर उसे स्वीकृत किया जाएगा? बघेल ने कहा कि सरकार 18 करोड़ रुपये तक की स्वीकृति आसानी से दे सकती है, फिर भी देरी क्यों हो रही है। उन्होंने वित्त मंत्री को 'उदार' बताते हुए कहा कि यदि वे तुरंत घोषणा कर दें तो विपक्ष भी स्वागत करेगा। जवाब में मंत्री ने कहा कि हर काम की एक तय पद्धति होती है और बजट प्रावधानों के बीच प्राथमिकता के आधार पर ही प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। मंत्री के जवाब के बाद भूपेश बघेल ने सदन से वॉकआउट करने का फैसला लिया और कांग्रेस के सभी विधायक सदन से बाहर चले गए।

गौमाता के नाम से वोट मांगा है तो घोषित करें उन्हें राष्ट्रमाता : कुंवर सिंह निषाद

पशुओं के रख-रखाव पर कसा तंज

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद ने राज्य में घुमंतू पशुओं के रख-रखाव और संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का मुद्दा उठाया. मंत्री द्वारा दी गई जानकारी को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग गौमाता के नाम से वोट मांगा है, तो उन्हें राष्ट्रमाता घोषित कर दिया जाना चाहिए. दरअसल, विधायक कुंवर सिंह निषाद ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि घुमंतू पशुओं के रख-रखाव संरक्षण के लिए राज्य में कौन-कौन सी योजना चल रही है. मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि पशुधन विभाग से जो योजना चल रही है, उसमें आदर्श गोधाम, गोकुल धाम गौ अभ्यारण योजना है. विधायक ने इस पर सवाल किया कि कितने पशुओं का रख-रखाव योजना के माध्यम से हो रहा है. इस पर मंत्री ने कहा कि गोधाम योजना के तहत 620 पशुओं के संरक्षण ओर व्यवस्थाओं के लिए इर्तजाम किया गया है. कई सारे जगह में कार्य प्रक्रियाधीन हैं, उसे जल्द चालू करेंगे.

इस पर विधायक ने सवाल किया कि 620 पशुओं के चारा-पानी की व्यवस्था सरकार कर रहा है, या कोई और कर रहा है? इस पर मंत्री ने बताया कि 36 गोठानों में गौधाम की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई गई है. जब राशि पंजीकृत संस्थाओं को दिया जाता है, तो वो उसका सही उपयोग किया जाता है. इस पर विधायक ने स्वीकृत राशि निरंक होने की जानकारी दी. मंत्री ने स्पष्ट किया कि 36 गोठानों में पशुओं को रखने का व्यवस्था करेंगे. केवल आरोप लगाने से नहीं होता. प्रदेश में घुमंतू आवारा पशुओं को भी हम संरक्षित रखने का कार्य कर रहे हैं. विधायक ने सवाल किया कि ये गोठान कहां-कहां संचालित हैं. मंत्री ने बताया कि दो गोठान तखतपुर-बिलासपुर और साजा-बेमेतरा में संचालित हैं. और राजपुर-मरवाही में. इस तरह से 11 जगह गोठान खुले हैं, और 3 जगह संचालित हैं. विधायक ने इस पर सवाल किया कि संचालित करने के लिए अभी ठोस कार्य योजना नहीं है? मंत्री ने बताया कि जितने भी घुमंतू पशु हैं, वह नगरीय क्षेत्र में है, और हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अलग है. रख-रखाव हमारा काम नहीं है संरक्षण से संबंधित कार्य है हमारा.

इसके पहले विधायक पुन्नू लाल मोहले ने आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में किसानों को फसल उत्पादन, संरक्षण प्रौद्योगिकी, फसल प्रणाली आधारित प्रदर्शनी फसलों की किस्म प्रमाणित बीजों के उत्पादन और वितरण पोषक तत्व की प्रबंधन तकनीक उन्नत कृषि उपकरण पर व्यय राशि का ब्यौरा मांगा. मंत्री नेताम ने कहा कि मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित विकासखंड मुंगेली और पथरिया में 2023 से 26 तक किसानों को फसल उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकी फसल प्रणाली आधारित प्रदर्शनी फसलों की नई किस्म के प्रमाणित बीजों के उत्पादन और एकीकृत पोषक तत्व कीट प्रबंधन तकनीक की कीमत कृषि उपकरण संसाधन, संरक्षण मशीन जल विभाग द्वारा उपलब्ध किये जाने की बात कही.

विधायक नीलकंठ टेकाम ने उठाया एकलव्य भवन निर्माण का मुद्दा, मंत्री ने कही जांच की बात

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन विधायक नीलकंठ टेकाम ने भवन नहीं होने से एकलव्य विद्यालय के छात्रों के दूसरी जगह पढ़ाई करने का मुद्दा उठाया. आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भवन निर्माण शुरू नहीं होने की जानकारी देते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया. विधायक नीलकंठ टेकाम ने सवाल किया कि कोंडागांव जिले के एकलव्य विद्यालय जिसके 600 बच्चों को दूसरे जगह रह कर पढ़ाई करना पड़ रहा हैं, भवन का निर्माण कब तक शुरू हो जाएगा. इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि अभी तक भवन का निर्माण शुरू नहीं हुआ इसकी जांच मैं करवाऊंगा. विधायक टेकाम ने पूछा कि कोंडागांव जिले के लिए 2023-24 और 2024-25 में कितना आबंटन प्राप्त हुआ है. जवाब में मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कोंडागांव जिले के लिए 2023-24 में लगभग 1109 लाख और 2024-25 में 189 लाख आबंटन प्राप्त हुआ हैं. विधायक टेकाम ने पूछा कि केशकाल विधानसभा क्षेत्र को कितनी राशि किस किस कामों के लिए स्वीकृत की गई हैं कितने काम शुरू हो चुके हैं कितने अभी शुरू नहीं हुए हैं? इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब दिया कि 3 कार्य प्रारंभ हो चुके हैं 3 कार्य जो शुरू नहीं हुए हैं, वो भी शुरू हो जाएंगे. टेंडर प्रक्रिया की वजह से देरी हुई है.

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान, भारत- पाक सीमा पर सह-पायलट बन रचा इतिहास

नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। इसके साथ ही राष्ट्रपति आज भारत-पाकिस्तान सीमा पर वायुसेना के वायु शक्ति अभ्यास को भी देखेंगी। अक्तूबर 2022 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर भारतीय वायुसेना में पहले एलसीएच के औपचारिक शामिल होने के अवसर पर 'प्रचंड' में उड़ान भरी थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर %प्रचंड% में सह-पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है।द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह-पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं।

एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

ट्रेलर और स्कॉर्पियो के बीच टक्कर, 4 की मौत

रायपुर-रतनपुर रोड में हादसा

बिलासपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर सम्बलपुरी स्थित यादव ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी-11 बीडी 9044 सकरी-रतनपुर की ओर से रायपुर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में पहुंच गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 4220 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पास में खड़े एक अन्य ट्रेलर को भी अपनी चपेट में लेते हुए पलट गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग वाहन के अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही सकरी पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचा। वाहन में फंसे लोगों को निकालने के लिए गैस कटर का सहारा लिया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया, तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी। मृतकों के नाम छत्रपाल राव (37 वर्ष), पिता बालाराम राव, निवासी ग्राम कुवागांव, थाना तखतपुर विशाल लहरें (25 वर्ष), पिता राजकुमार लहरें, निवासी बिरगहनी, थाना जरहागांव, जिला मुंगेली अनमोल लहरें (14 वर्ष), पिता संजय लहरें, निवासी बिरगहनी, थाना जरहागांव, जिला मुंगेली सोनू मिरी (28 वर्ष), निवासी कोटा।

ब्रेकिंग न्यूज

गर्लफ्रेंड के साथ नर्सरी में रंगरेलियां मनाते पकड़ाया फॉरेस्ट गार्ड, युवकों ने डांस कराकर की जमकर पिटाई

सूरजपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक फॉरेस्ट गार्ड को ग्रामीण युवकों ने नर्सरी परिसर में उसकी महिला मित्र के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। यह घटना नर्सरी परिसर की बताई जा रही है। यहां फॉरेस्ट गार्ड अपनी गर्लफ्रेंड के साथ वहां मौजूद था, तभी कुछ ग्रामीण युवक मौके पर पहुंच गए और उसे पकड़ लिया। युवकों ने गर्लफ्रेंड के सामने ही गार्ड की डंडे और बेल्ट से पिटाई की। इस दौरान युवकों ने घटना का वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अब कांपेंगे भारत के दुश्मन, युद्धपोत अंजदीप के शामिल होने से बढ़ी नौसेना की ताकत

नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार (27 फरवरी) को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत को शामिल किया, जिसका उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने चेन्नई बंदरगाह पर नौसेना में शामिल किया। भारतीय नौसेना की समंदर में ताकत बढ़ चुकी है। नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अंजदीप मिल गया है। उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का यह तीसरा युद्धपोत 27 फरवरी को चेन्नई में नौसेना में शामिल किया गया। इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकायों के आम-उप चुनावों की तैयारी शुरू

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ समन्वय बैठक आयोजित

रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार तथा राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्थानीय निकायो के आगामी आम एवं उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से निर्वाचक नामावली के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि आगामी आम /अप निर्वाचन हेतु आवश्यक, निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावली का अद्यतन डाटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उक्त नामावली प्राप्त होते ही जिससे स्थानीय निकाय के आगामी निर्वाचन हेतु समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के नगरीय निकायो में अध्यक्ष के 6 एव पार्षद के 75 पद तथा ग्रामीण निकायों में जनपद पंचायत सदस्य के 06 पद, सरपंच के 70 पद तथा पंच के 97 पद रिक्त हैं जिन पर आम/उप चुनाव अपेक्षित हैं ।

55 सैनिक ढेर, 19 पोस्ट तबाह, जेएफ-17 को मार गिराया, तालिबान ने पाकिस्तान को जबरदस्त ठोका

नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भीषण जंग की शुरुआत हो चुकी है। दोनों ओर से जो सेनाएं हैं एक दूसरे पर भीषण हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान जो लगातार बार-बार अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के सब्र का इम्तिहान ले रहा था। आखिरकार सब्र का वो पैमाना टूट गया। अफगानिस्तान के लड़ाके कहर बनकर पाकिस्तानी लड़ाकों पर टूट पड़े हैं। ताजा अपडेट्स आने तक अफगानिस्तान प्रशासन ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। देर रात शुरू हुई झड़पों के बाद देखते ही देखते यह भीषण युद्ध में तब्दील हो गया।

पाकिस्तान और तालिबान के बीच रात भर भीषण जंग चली जो अभी भी जारी है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर बमबारी की जिसका उसे मुंहतोड़ जवाब दिया गया है।

अफगानिस्तान फोर्सेस ने पाक एयरफोर्स के जीएफ17 लड़ाकू विमान को मार गिराने का भी दावा किया है। साथ ही पाकिस्तान अफगानिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा डूरंड लाइन पर पाक के 19 पोस्टों पर भी कब्जे के दावे किए जा रहे हैं। तालीबान लड़ाकों का हमला इतना भीषण था कि पाकिस्तानी सैनिक अपनी पोस्ट छोड़-छोड़ कर वहां से भाग खड़े हुए। इसे लेकर तालिबान प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कायर पाकिस्तानी सेना ने काबुल कंधार में कुछ जगहों पर बमबारी की है। अल्लाह का शुक्र है कि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

चार जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें आज से लागू

रायपुर, 27 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में दिनांक 20 नवम्बर 2025 से नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार गाइडलाइन दरों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं।उक्त निर्देशों के अनुरूप दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समग्र परीक्षण के पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें उपरोक्त चारों जिलों में दिनांक 27 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। आम नागरिक एवं संबंधित हितधारक नवीन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।अन्य जिलों की संशोधित गाइडलाइन दरें भी शीघ्र जारी की जाएंगी।

आप संयोजक केजरीवाल और सिसोदिया कोर्ट से बरी

नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को बहुचर्चित आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कई अन्य को आरोप मुक्त कर दिया है। हालांकि अरविंद केजरीवाल को अभी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोई राहत नहीं मिली है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि प्रथम दृश्य कोई भी आपराधिक षड्यंत्र नहीं मिला है। कोर्ट सीबीआई मामले में सुनवाई कर रही थी। उधर, सीबीआई सूत्र के मुताबिक, सीबीआई इस फैसले को चुनौती देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाएगी। इससे पहले 12 फरवरी को हुई सुनवाई में अदालत ने आरोप तय करने के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और सभी आरोपियों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था। सुनवाई में सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि पहली चार्जशीट और पूरक आरोप पत्र में साजिश के पर्याप्त आधार मौजूद हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों की ओर से आरोपों को निराधार बताया था। सीबीआई का आरोप है कि साउथ लॉबी ने दिल्ली की आबकारी मामला अपने पक्ष में कराने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियां निभा रहे थे और उन्हें किसी भी तरह की रिश्वत मांगने या लेने से जोड़ने वाला कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि केजरीवाल का नाम पहली चार्जशीट और तीन पूरक चार्जशीट में नहीं था, बल्कि चौथी पूरक चार्जशीट में जोड़ा गया, जो पहले की चार्जशीट का दोहराव है। बहस के दौरान अप्रूवर बने राघव मगुंटा के बयान का भी जिक्र हुआ था।

एसआईआर : कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 27 फरवरी (न्यूज चैनल)। 24 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सिविल न्यायाधीशों के अलावा 250 जिला न्यायाधीशों की तैनाती का आदेश दिया। इसके साथ ही झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को राज्य में चल रहे एसआईआर में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का सामना कर रहे 80 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों को संभालने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, नितिन गडकरी कह रहे हैं कि शराब पीकर गाड़ी चलाने में ड्रायविंग लाइसेंस होगा निरस्त।
चुहिया- हां जी, पर इसे पकड़ेगा कौन? और निरस्त करेगा कौन..?

CMYK